ओडीओपी से मिली सिद्धार्थनगर के काला नमक चावल को अंतरराष्ट्रीय पहचान : योगी

मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से 'काला नमक चावल महोत्सव' का किया शुभारंभ

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को वर्चुअल माध्यम से सिद्धार्थनगर में आयोजित 'काला नमक चावल महोत्सव' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सीएम ने कहा कि राज्य सरकार ने 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना के तहत वर्ष 2018 में काला नमक चावल को सिद्धार्थनगर के उत्पाद के रूप में शामिल किया गया। इस योजना के तहत इसकी मार्केटिंग और ब्रांडिंग के लिए मंच उपलब्ध हो सका। आज यह चावल देश और दुनिया में विख्यात हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के पहले सिद्धार्थनगर और आसपास के क्षेत्रों में 22 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में काला नमक चावल की फसल होती थी। समय के साथ इसका उत्पादन काफी कम हो गया था। ओडीओपी योजना के तहत आने के बाद इसकी बुआई काफी बढ़ गई है। अब काला नमक चावल की खेती का क्षेत्रफल बढ़कर लगभग 5 हजार हेक्टेयर हो गया है। उन्होंने कहा कि ओडीओपी योजना के तहत चुने गए इस उत्पाद की महक आज पूरे विश्व में फैल रही है। प्राकृतिक सुगंध के साथ मुलायम, कुपोषण से लड़ने में सक्षम और कई बीमारियों से लड़ने वाला यह चावल सिद्धार्थनगर की विशेष पहचान है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल माध्यम से सिद्धार्थनगर में आयोजित 'काला नमक चावल महोत्सव' का शुभारंभ किया।

सिद्धार्थनगर में बनाया जा रहा सीएफसी

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र में काला नमक चावल को और अधिक प्रोत्साहन देने के लिहाज से सिद्धार्थनगर में एक जिला-एक उत्पाद योजना के अंतर्गत 6.39 करोड़ रुपये की लागत से कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) का निर्माण कराया जा रहा है। इसकी स्थापना से भंडारण के लिए वातानुकूलित गोदाम, ग्रेडिंग कराते हुए बिक्री के लिए पैकिंग आदि की आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक जिला-एक उत्पाद योजना के तहत अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान की ओर से जिले में काला नमक शोध संस्थान स्थापित करने की कार्यवाही की जा रही है।